वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक–3133/VMSBUTU/2024

दिनाँक 17,दिसम्बर,2024

महत्वपूर्ण

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध परिसर संस्थान,
वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषयः परीक्षा प्रणाली में सुधार के संबंध में।

महोदय,

विगत सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान यह संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्रों द्वारा परीक्षा उत्तर पुस्तिका में उत्तर देते समय प्रश्नपत्र के प्रश्नो के समस्त भागों (Defferent Parts of a question) का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जाता है एवं किसी प्रश्न के विभिन्न भागो के उत्तर पिछले प्रश्न के दिये गये उत्तर की निरन्तरता में बिना प्रश्न/भाग इंगित किये लिख दिये जाते है, जिसके कारण मूल्यांकनकर्ता के स्तर से ऐसे उत्तरों के मूल्यांकन से छूटने की प्रबल सम्भावना रहती है। ऐसी परिस्थिति में छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय को उत्तर पुस्तिका अवलोकन के समय आपत्ति दर्ज करानी पड़ती है और छात्रों व विश्वविद्यालय दोनो की ही असुविधा का सामना करना पड़ता हे।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिका के उत्तर देते समय प्रत्येक प्रश्न/भाग के उत्तर समाप्ति पर एक पूरी रेखा जो उत्तर पुस्तिका में क्षैतिज रूप से End to End होनी चाहिये, खीची जाय, ताकि मूल्यांकनकर्ता को विभिन्न प्रश्नों/भागों में भेद करने में असुविधा ना हो एवं मूल्यांकन में त्रुटि की सम्भावना कम हो सके। किसी भी प्रश्न व उनके भाग आदि का विवरण परीक्षार्थी द्वारा उसके उत्तर के साथ दर्ज ना होने एवं दो लगातार प्रश्नों/भागो के उत्तरों के बीच रेखा ना खीचने के कारण होने वाली मूल्यांकन त्रुटि के लिये संबंधित छात्र जिम्मेदार होगे।

आपसे अनुरोध है कि अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्रों को आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं में परीक्षा उत्तर पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न एवं उसके भाग का स्पष्ट उल्लेख तथा प्रत्येक प्रश्न/भाग की समाप्ति पर End to End क्षैतिज लकीर बनाने के निर्देश का अनुपालन करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। किसी भी प्रश्न के उत्तर की समाप्ति पर लकीर न खीचें जाने से छात्रों को होने वाली असुविधा के लिये संबंधित छात्र ही उत्तरदायी होगा।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
3. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं समस्त छात्रों व शिक्षक को यू0एम0एस0 से प्रेषण आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करते हुए समस्त संस्थाओं को उक्त से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक